# पील की सामुदायिक सुरक्षा और कल्याण योजना का सारांश



# पील की सामुदायिक सुरक्षा और कल्याण योजना का सारांश

2018 से, पील में संगठन, पील की पहली सामुदायिक सुरक्षा और कल्याण (सीएसडब्ल्यूबी) योजना बनाने के लिए एक साथ काम कर रहे हैं।

योजना को सॉलिसिटर जनरल के सामुदायिक सुरक्षा और कल्याण योजना फ्रेमवर्क (Community Safety and Well-being Planning Framework) मंत्रालय द्वारा निर्देशित किया जाता है, जो सामुदायिक सुरक्षा और कल्याण को एक स्थायी समुदाय की आदर्श स्थिति के रूप में परिभाषित करता है, जहां हर कोई सुरक्षित है, अपनेपन की भावना रखता है, भाग लेने के अवसर हैं, और जहां व्यक्ति और परिवार शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, भोजन, आवास, आय और सामाजिक और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के लिए अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हैं।

योजना की इस पहली पुनरावृत्ति के लिए फोकस के क्षेत्रों में **पारिवारिक हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य और अडिकशन, और प्रणालीगत भेदभाव शामिल हैं**। योजना तीनों क्षेत्रों में हमारे समुदाय में युवाओं और परिवारों की जरूरतों की जांच करती है। योजना की पहली पुनरावृत्ति चार साल की समय सीमा का पालन करेगी और पील निवासियों की उभरती जरूरतों को प्रतिबिंबित करने के लिए आवश्यकतानुसार, प्रतिवर्ष समीक्षा की जाएगी और अद्यतन किया जाएगा। समुदाय पर COVID-19 के प्रभावों ने फोकस के तीन क्षेत्रों के निवासियों के समर्थन की तात्कालिकता को प्रबलित किया।

योजना सामूहिक दृष्टि पर सभी क्षेत्रों में एक साथ काम करने का अवसर प्रस्तुत करती है जिससे हमारे समुदाय के लिए दीर्घकालिक और स्थायी सुधार हो सकते हैं।

# दूरदर्शिता

पील एक सुरक्षित, समावेशी और जुड़ा हुआ समुदाय है जहां सभी निवासी कामयाब होते हैं।

# मिशन

हम सेवाओं और समर्थनों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे जो सभी पील निवासियों के लिए सुरक्षा, जुड़ाव और कल्याण में वृद्धि करते हैं

## योजना ऐसे लागू होती है:

- हमारे पूरे समुदाय के लोगों को योजना में योगदान देने और पील द्वारा सामना किए जाने वाले मुद्दों से विभिन्न आबादियाँ कैसे प्रभावित होती हैं, इस बारे में स्पष्ट दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए **एक इक्विटी लेंस।**
- **स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारक**, उन परिस्थितियों को समझने के लिए जिनमें लोग पैदा होते हैं, बढ़ते हैं, काम करते हैं, रहते हैं, और बूढ़े होते है, वह उनके स्वास्थ्य और कल्याण को कैसे प्रभावित करते हैं।

- **इस को पहचानने के लिए एक सामूहिक** प्रभाव की पहुंच कि एक आम एजेंडा और साझा परिणाम, माप और जटिल कार्य समस्याओं को हल करने के लिए कार्यवाही की योजना के साथ पूरे समुदाय को प्रयास करना पड़ता है।
- **हमारे स्थानीय समुदाय में संपत्ति और ताकत** को महत्व देने के लिए एक जगह-आधारित दृष्टिकोण और संसाधनों को वहाँ केंद्रित करना जहां उनकी आवश्यकता हो और इस तरह से जो स्थानीय स्तर पर सही हो।
- पील समुदायों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सामाजिक कारकों को संबोधित करने के लिए समाधान विकसित करने और कार्रवाई करने के लिए **एक मुख्य फ़ोकस**।

## CSWB योजना के महत्वपूर्ण संचालक

- पील में सामुदायिक सुरक्षा और कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए अतिरिक्त संसाधनों/फंडिंग और समान नीतियों के लिए सरकार के अन्य स्तरों का **पक्षसमर्थन** करना।
- निवासियों और सामुदायिक भागीदारों के साथ **संचार और जुड़ाव**।
- प्रगति और सफलता की निगरानी के लिए **साझा माप और संकेतक**।

# इकट्ठे काम करना

CSWB योजना के विकास को सूचित करने के लिए 400 से अधिक व्यक्तियों और संगठनों ने अपने विचार और अनुभव साझा किए। कुल मिलाकर, परामर्शों ने पील-विशिष्ट डेटा, अधिक विविध और निरंतर जुड़ाव और फ़ोकस के प्रत्येक क्षेत्र में अधिक जागरूकता के निर्माण की आवश्यकता को इंगित किया - सभी एक इक्विटी और इंटरसेक्शनल लेंस के साथ। प्रतिभागियों के बीच सर्वसम्मति थी कि इन मुद्दों पर प्रगति करने के लिए तत्परता और जवाबदेही की भावना विकसित करने की आवश्यकता है।

परिणामस्वरूप, हमारी CSWB योजना यह प्रदान करने का लक्ष्य करेगी:

- स्वास्थ्य और सामाजिक प्रणालियों में बेहतर समन्वय, सहयोग और संरेखण
- सिस्टम में कमियों को ट्रैक करने के लिए सूचना साझाकरण और प्रदर्शन माप
- प्राथमिकता के जोखिमों और अधिकारहीन समूहों और पड़ोस पर ध्यान केंद्रित करना और समझ बढ़ाना
- नई या बेहतर सेवाएं और कार्यक्रम

25 से अधिक संगठनों, जिनमें पुलिस और आपातकालीन सेवाएं, स्कूल बोर्ड, स्वास्थ्य, और सामाजिक सेवा प्रदाता और सरकारें शामिल हैं, योजना के सिस्टम लीडरशिप टेबल और फोकस के प्रत्येक क्षेत्र में कार्रवाई तालिकाएँ बनाते हैं और पील निवासियों के जीवन में अंतर लाने के लिए, हमारे समुदाय के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## लक्ष्य, रणनीतियां और परिणाम

योजना को विकसित करने में शामिल लोगों ने माना कि कोई भी संगठन इन मुद्दों से अकेले नहीं निपट सकता है। साथ में, उन्होंने फोकस के प्रत्येक क्षेत्र के लिए लक्ष्य और रणनीतियाँ विकसित कीं, जिन्हें वे हासिल करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

### पारिवारिक हिंसा

**लक्ष्य:** **सुरक्षा के लिए पील के रास्ते बनाएं और मजबूत करें**

**रणनीति 1:** मौजूदा सेवाओं में उच्च आवश्यकता वाले क्षेत्रों और अक्षमताओं की पहचान करने के लिए पील में सुरक्षा के लिए मौजूदा मार्गों की मैपिंग की प्रणालियों पर काम करना और दुर्व्यवहार के शिकार लोगों का समर्थन करना

**परिणाम:**

- दुर्व्यवहार के शिकार लोगों के लिए सेवाओं और समर्थनों तक सुधारी गई पहुँच

**रणनीति 2:** महिला क्षेत्र के खिलाफ हिंसा में डेटा संग्रह, प्रबंधन और रिपोर्टिंग प्रथाओं में सुधार करना

**परिणाम:**

- बेहतर डेटा संग्रह, विश्लेषण और डेटा सांझा करना
- ग्राहक आबादियों और पील में जरूरत की बेहतर समझ

**रणनीति 3:** महिलाओं के खिलाफ हिंसा के क्षेत्र में और COVID-19 के जवाब में पारिवारिक हिंसा में काम करने वाले हितधारकों के समन्वित प्रयासों से सीखना और समर्थन करना

**परिणाम:**

- पूरे सेक्टरों में बेहतर भागीदारियां और सहयोगी नेटवर्क
- महामारी और रिकवरी के दौरान समर्थनों तक पहुंच में सुधार

**लक्ष्य:** **पारिवारिक हिंसा के बारे में जागरूकता और सार्वजनिक शिक्षा बढ़ाना**

**रणनीति 1:** पारिवारिक हिंसा और अंतरंग साथी शिक्षा और जागरूकता अभियान का विकास करना

**परिणाम:**

- पारिवारिक हिंसा के निवासियों में सामुदायिक मुद्दे के रूप में बढ़ी हुई जागरूकता
- दुर्व्यवहार के पीड़ितों के लिए उपलब्ध मौजूदा सेवाओं के निवासियों में बढ़ी हुई जागरूकता

## मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन (addictions)

**लक्ष्य:** **युवाओं और परिवारों के बीच मानसिक कल्याण और सकारात्मक संबंधों को बढ़ावा देना**

**रणनीति 1:** पील में सहायक वातावरण को बढ़ावा देने और युवाओं को कनेक्शन बनाने और कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए मौजूदा युवा पहलों और युवा-सेवारत संगठनों के साथ काम करना।

**परिणाम**:

- समुदाय में अधिक युवा सुरक्षित, जुड़ा हुआ और समर्थित महसूस करते हैं

**लक्ष्य:** **मानसिक स्वास्थ्य और अडिकशन (एमएचए) सेवाओं और रास्तों को आसान बना कर और प्रयासों के समन्वय द्वारा युवाओं के लिए समर्थनों तक पहुंच में सुधार करना**

**रणनीति 1:** उन युवाओं के लिए देखभाल के मार्ग बदलना जिन्हें मानसिक स्वास्थ्य और अडिकशनों के लिए सहायताओं की आवश्यकता होती है

**परिणाम**:

- MHA सेवाओं और समर्थनों के लिए बेहतर सिस्टम नेविगेशन
- युवाओं के लिए MHA सेवाओं और समर्थनों तक सुधारी गई पहुँच

**रणनीति 2:** संकट की स्थितियों के लिए जोखिम को कम करने के लिए पील में स्थिति तालिका(तालिकाओं) का विकास करना

**परिणाम**:

- तीव्रता से बढ़े हुए जोखिम की अधिक स्थितियों को कम किया जाता है

## प्रणालीगत भेदभाव

**लक्ष्य:** **सार्वजनिक रूप से पील में अत्याचार विरोधी और इक्विटी प्रथाओं और नीतियों की समीक्षा, विकास और रखरखाव**

**रणनीति 1:** सिस्टम लीडरशिप टेबल में भागीदारों के बीच विविधता, इक्विटी और समावेश के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करना

**परिणाम**:

- सिस्टम लीडरशिप टेबल संगठनों ने पील में विविधता, इक्विटी और समावेश की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है

**रणनीति 2:** वरिष्ठ नेताओं की अत्याचार विरोधी और इक्विटी की समझ और जागरूकता का निर्माण करना

**परिणाम**:

- प्रणालीगत भेदभाव और प्रणालीगत नस्लवाद की बढ़ती समझ
- अत्याचार विरोधी और इक्विटी सिद्धांतों और प्रथाओं की बढ़ती समझ, जो संगठनों में स्थापित की जा सकती है

**रणनीति 3:** इक्विटी और समावेशन में संगठनात्मक क्षमता का निर्माण और प्रगति पर सार्वजनिक रूप से रिपोर्टिंग

**परिणाम**:

- बेसलाइन इक्विटी मूल्यांकन को पूरा करने वाले सिस्टम लीडरशिप टेबल संगठनों की संख्या में वृद्धि
- सिस्टम लीडरशिप टेबल संगठनों की संख्या में वृद्धि, जो सालाना प्रगति पर रिपोर्ट करते हैं
- इक्विटी और समावेशन को आगे बढ़ाने वाली संगठनात्मक नीतियों और प्रथाओं में सुधार

**रणनीति 4:** सामुदायिक सुरक्षा और कल्याण योजना गतिविधियों के डिजाइन और कार्यान्वयन में प्राप्त अनुभव वाले लोगों के सार्थक जुड़ाव के अवसर पैदा करने की रणनीति को लागू करना

**परिणाम**:

- प्राप्त अनुभव वाले लोगों के पास CSWB योजना और कार्यान्वयन में विभिन्न स्तरों की भागीदारी के अवसर हैं।

**लक्ष्य:** **प्रभाव का आकलन करने के लिए प्रभावी डेटा एकत्रीकरण और रिपोर्टिंग प्रथाओं को लागू करना और उभरने वाली असमानताओं का जवाब देना**

**रणनीति 1:** सिस्टम लीडरशिप टेबल संगठनों के एक समूह के साथ समाजशास्त्रीय डेटा के संग्रह का संचालन करना और डेटा साझाकरण तंत्र विकसित करना

**परिणाम**:

- समाजशास्त्र संबंधी डेटा एकत्र करने वाले संगठनों की संख्या में वृद्धि
- सामुदायिक संगठनों के बीच डेटा साझाकरण और आम परिभाषाओं में सुधार
- नीतियों और प्रथाओं को सूचित करने के लिए पील में असमानताओं की बढ़ी हुई समझ

## अगले कदम

पील की CSWB योजना पील में सुरक्षा और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक साथ काम करने के लिए एक रूपरेखा और दृष्टिकोण स्थापित करती है। अब और भविष्य में, योजना समुदाय की उभरती जरूरतों के लिए प्रतिक्रियाशील होगी। समुदाय के लिए विचारों को साझा करने के निरंतर अवसर और इसमें शामिल होना 2024 तक और उसके बाद की योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

पील को एक सुरक्षित, समावेशी और जुड़ा हुआ समुदाय बनाने में हम सभी की भूमिका है जहां सभी निवासी कामयाब होते हैं। निरंतर योजनाबन्दी, कार्यान्वयन और जुड़ाव के माध्यम से, एक साथ, हम अंतर लाएँगे।

**peelregion.ca/community-safety-wellbeing-plan**

पील की सामुदायिक सुरक्षा और कल्याण योजना 2020-2024

**peelregion.ca/community-safety-wellbeing-plan**